कार्य का समीक्षा किया. समीक्षा के दौरान श्री सिंह ने कार्य दायित्व में रहे स्थानीय संयोजक संतोष रंजन दास को 31 मार्च तक सारे काम संपन्न करने का निर्देश दिया. इसके अलावा श्री सिंह ने कार्य दायित्व में रहे ठेकादारों को प्रकल्प कार्य को शीघ्र संपन्न करने की बात कही.

बता दें कि इंडियन आयल फाउंडेश्न की ओर से 36 करोड़ रुपये व्यय में कोणार्क परिसर को यात्री विश्राम कक्ष, शौचालय, रेस्टारेंट व आफिस गृह निर्माण कार्य आदि चल रही है. शनिवार को श्री सिंह ने उक्त कार्य की समीक्षा करने के साथ कार्य को जल्द संपन्न करने की बात कही. इस अवसर पर सिंह ने 1 अप्रैल को पर्यटकों के उद्देश्य में नव निर्मित कार्य लोकार्पित होने जोर दिया. कोणार्क दौरे समय में श्री सिंह समेत आईओसीएल के सभी अधिकारी आदि उपस्थित थे.

तथा सरकारी दल के उपमुख्य सचेतक रोहित पूजारी ने कार्यादिश बांटा. अन्यतम अतिथि के तौर पर आरओए के अध्यक्ष राधेश्याम बारिक, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेशिनी ओराम, उपाध्यक्ष राहासबिहारी मिर्धा एवं जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण मेंडली उपस्थित थे. इस अवसर पर बदुआपाली, बरगां, बतेमुरा, डकरा, देवगां, धमा, हुमा एवं साहसपुर पंचायत के 767 हिताधिकारियों को कार्यादिश बांटा गया.

शनिवार को भाजपा कर्मि... गिरफ्तार किया गया है. जिसको ले... नाराज भाजपा कर्मियों ने घटना के संबंध में एसपी व आईजी से मिलकर ज्ञापन प्रदान कर व ज्ञापन प्रदान के बाद भी कार्यानुष्ठान ग्रहण नहीं होने पर भाजपा की ओर से आंदोलन करने की सूचना दी है. उक्त सूचना भाजपा जिला अध्यक्ष कान्हुचरण पति ने शनिवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में दिया. जानकारी के मुताबिक, मंगलवार देर रात को छोटी सी बात को लेकर दो गुट आपस में भीड़ गए जिसमें 4 सदस्य घायल हुए थे. बाद में घटना के संबंध में आरोपियों के नाम से 30/18 में मामला दर्ज होने के बावजूद भी घटना में जुड़े मुख्य आरोपी पूर्व सरपंच व शासक दल की




# भुवनेश्वर आईआईटी बहुत नाम कमाया है : राष्ट्रपति

## आईआईटी भुवनेश्वर में हुआ आईसीटी का लोकार्पण

**भुवनेश्वर.** अपनी दोदिवसीय ओड़िशा प्रवास पूरा करके राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द व उनकी पत्नी सबिता कोविन्द रविवार की शाम को बायु सेना के राजकमल विमान में दिल्ली लौट गये हैं. भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति को राज्यपाल डॉ. एससी जमीर, मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक, केन्द्र मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मेयर अनन्त नारायण जेना आदी ने विदाई दी है. रविवार को राष्ट्रपति का आखरी कार्यक्रम जटणी अरुगुल स्थित आईआईटी भुवनेश्वर में था. यहां आईआइटी का समावर्तन उस्तव में बतौर मुख्यअतिथि शामिल होने के साथ राष्ट्रपति ने आइसीटी मुम्बाई इंडियान ऑयल भुवनेश्वर कैम्पस का उद्घाटन किया व एसडीआई भुवनेश्वर कैम्पस की निंव रखी है. यहाँ श्रीमती सविता कोविन्द, केन्द्रमंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व राज्यपाल डा एससी जमीर आदी उपस्थित थे. इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा है कि बहुत कम दिन में भुवनेश्वर आईआईटी बहुत नाम कमाया है. इसका नाम को और उँचाई तक ले जाने के लिए जो छात्रछात्रा यहाँ से आज डिग्री लेकर जा रहे हैं उन्हे अपने पूराने संस्थान के साथ सम्बन्ध बनाये रखते हुए इसका नाम रोषन करना होगा. राष्ट्रपति ने कहा कि आइआइटी भुवनेश्वर के छात्रछात्राओं को याद रखना होगा कि उन्होने ऐसा ,क संस्थान से पढाई करके डिग्री ली है जो कि ऐतिहासीक बरूणेई पहाड के निचे हैं. इसके साथ कोविन्द ने कहा कि जो बच्चें आज डिग्री लेकर जा रहे हैं उनके माता पिता का उसमें बडी योगदान है उस बात को उन्हे याद रखना होगा. केन्द्रमंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि आज राष्ट्रपति ने जीन दानों संस्था आइसीटी मुम्बाई व एसडीआई भुवनेश्वर का कैंपस उदघाटन किया व निंव रखी वह दोनों कैम्पस ओडिशा के युवाओं को रोजगार दिलाने व उद्योगी बनाने में काफी मददगार साबित होंगे. पूवी भारत में टैक्सटाइल्स व पलिमर क्लाष्टर विकास से 2030 तक 25 लाख नियुक्तियाँ आने वाले हैं. प्रधान ने कहा कि राष्ट्रपति का यह दौरा ओडिशा के युवाओं को प्रेरीत करने के लिए था. ओडिशा के युवाओं को इससे काफी उत्साह मिली है.

# गेट 2018 में ज्योतिरंजन बारिक ने हासिल किया पहला स्थान

**भुवनेश्वर.** इस साल ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट) इंजीनियरिंग में ऑल इंडिया रैंक में पहला स्थान हासिल कर ओड़िशा के ज्योतिरंजन बारिक ने राज्य को गौरवान्वित किया है. ओड़िशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के छात्र ज्योतिरंजन बारिक ने कृषि इंजीनियरिंग पेपर में कुल 95.9 अंक हासिल करके शीर्ष रैंक हासिल किया है, जिसके परिणाम भारतीय प्रौद्योगिकी



संस्थान द्वारा घोषित किया गया. वहीं ज्योतिरंजन की उपलब्धि पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ट्वीट कर बरिक को बधाई दी. मुख्यमंत्री पटनायक ने ट्वीट कर कहा कि ज्योतिरंजन की उपलब्धि के बारे में सुन काफी खुशी मिली. आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उम्मीदवार 20 मार्च से 31 मई तक आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. वे 20 मार्च से इसे डाउनलोड करने के लिए जीओएपीएस पोर्टल पर जा सकते हैं. बारिक के अलावा लखनऊ के प्रशांत गुप्ता ने भी रसायन विज्ञान में ऑल इंडिया में पहला स्थान हासिल कर की है.

# आरएसएस को राष्ट्रीय ...

**भुवनेश्वर.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) भुवनेश्वर महानगर शाखा की ओर से लिंगराज, खण्डगिरी, चन्द्रशेखरपुर, श्रीराम, बासन्तीदुर्गा आदि 5 भागों में नववर्ष व डा. केशव वलिराम हैडगेवार के जन्मदिवस टंकपाणिरोड स्थित भास्करेश्वर मन्दिर, कोलथिया के राजलक्ष्मी मंडप, शैलश्री विहार के दुर्गा पूजा मैदान, शहीद नगर के इम्फापार्क, झारपड़ा क्रे भारती विद्यामन्दिर में मनाया गया है. इस अवसर पर सुबह शंख बजाकर नववर्ष का शुभारम्भ किया गया. फिर नववर्ष का स्वागत करते हुए पूर्णकुम्भ स्थापन, दीप प्रज्ज्वलन, घर के उपर ध्वज स्थापन, गोमाता को खाद्य अर्पण

## वार्षिक अधिवेशन पर विचार-विमर्श

**भद्रक.** भद्रक महाविद्यालय पुरातन छात्र संसद की ओर से कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में वार्षिक अधिवेशन को 18 मार्च के अलावा 8 अप्रैल में करने का फैसला किया गया. कॉलेज में बच्चों की परीक्षा चलने की वजह से यह फैसला लिए जाने की सूचना है. बता दें कि 8 अप्रैल को आयोजित अधिवेशन में नये कर्मकर्ता चुनाव होने के साथ कॉलेज की विभिन्न गुरुत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा करने का निर्णय लिया गया. आयोजित कार्यक्रम में छात्र संसद सचिव परशुराम द्विवेदी ने 8 अप्रैल को आयोजित चुनाव में छात्र-छात्राओं को बहुत संख्या में हिस्सा लेकर मतदान करने के लिए निवेदन किया.